जयपुर में पहली बार डीजी फेस्ट-टाई ग्लोबल समिट

# 30 देशों के 170 स्टार्टअप के साथ जुटेंगे उद्यमी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** राजस्थान पहली बार एक ऐसे ग्लोबल आयोजन की मेजबानी करेगा, जो प्रदेश के स्टार्टअप ईकोसिस्टम को नई दिशा दे सकता है। डीजी फेस्ट एवं टाई ग्लोबल समिट का आयोजन 4 से 6 जनवरी तक जयपुर में होगा। दुनिया के 30 देशों से उद्यमी, निवेशक, इनोवेटर्स और टेक्नोलॉजी जगत से जुड़े दिग्गज इसमें शामिल होंगे।

यह पहला मौका है जब टाई ग्लोबल समिट जैसे बड़े स्तर का आयोजन किसी टियर-2 शहर में किया जा रहा है। समिट में दुनियाभर के स्टार्टअप, करीब 10 हजार उद्योगपति, 500 से ज्यादा निवेशक




और 100 से अधिक वक्ता शामिल होने का दावा किया जा रहा है। डीओआइटी के मुताबिक आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, ओडिशा, हरियाणा, महाराष्ट्र को स्टेट पार्टनर बनाया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे राजस्थान को ग्लोबल इनोवेशन और स्टार्टअप मैप पर मजबूत पहचान मिलेगी। भविष्य में निवेश और उद्योगों के लिए नए आयाम खुलेंगे।

**राजस्थान एआइ पॉलिसी होगी लॉन्च** : समिट के दौरान राज्य सरकार अपनी नई एआइ (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पॉलिसी भी लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। इस पॉलिसी का उद्देश्य एआइ आधारित स्टार्टअप्स, युवाओं और उद्योगों को बढ़ावा देना है। प्रदेश में एआइ रिसर्च, ऑटोमेशन, मशीन लर्निंग आदि को मजबूत आधार मिलेगा।

**170 आइडिया से इनोवेशन तक:** समिट का सबसे बड़ा आकर्षण 170 भारतीय और अंतरराष्ट्रीय स्टार्टअप होंगे, जो इनोवेटिव टेक्नोलॉजी, प्रोडक्ट और आइडिया पेश करेंगे। डीओआइटी के अधिकारियों का आकलन है कि इस आयोजन से स्टार्टअप को 200 करोड़ रुपए से अधिक की फंडिंग मिल सकती है।